16 Ambikapur-Bhoomi pg 1-0_Layout 1 6/16/2024 9:38 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 जून 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 पीएम आवास योजना में करोड़ों का घोटाला, 500 हितग्राहियों की राशि दूसरों के खाते में ट्रांसफर














## सूक्ष्मता से डीएनए तक का लगा सकता है पता

# सरगुजा में टीबी की आरटीपीसीआर मशीन, तीन घंटे में मिलेगी रिपोर्ट



टीबी के आरटीपीसीआर मशीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में टीबी की बीमारी के खिलाफ चल रही लड़ाई में चिकित्सा विभाग अब और भी अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हो गया है। सरगुजा मेडिकल कॉलेज प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल बन गया है जहां टीबी के सूक्ष्तम डीएनए तक की जांच की जा सकेगी। टीबी की गहन जांच व कल्चर के लिए पैथोडिटेक्टर मशीन की स्थापना कर ली गई है। मशीन की स्थापना होने के बाद जांच का ट्रायल सफल रहा और आने वाले दो से तीन दिनों में सरगुजा वासियों को इस उपकरण की मदद से बेहतर जांच सुविधा मिल सकेगी और क्षय रोगियों को अपनी रिपोर्ट के लिए एक महीने का इन्तजार नहीं करना पड़ेगा बल्कि तीन घंटे के अंदर उन्हें जांच की रिपोर्ट मिल जाएगी। बता दें कि भारत सरकार देश भर में टीबी की बीमारी के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। इसी के तहत देशभर में क्षय रोग के खिलाफ देशभर में विशेष अभियान चलाए जा रहे है और टीबी मुक्त समाज बनाने के लिए मरीजों की जांच कर दवाएं प्रदान की जा रही है। इसी अभियान में सरगुजा जिला भी अपना अहम किरदार निभा रहा है और विशेष अभियान चलाकर टीबी मरीजों का उपचार किया जा रहा है लेकिन इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सामने एक बड़ी चुनौती सामने आ रही थी। सरगुजा में टीबी की जांच के लिए ब्लॉक स्तर पर टू नॉट मशीन व जिला स्तर पर सीबी नॉट मशीन उपलब्ध थी लेकिन इस मशीन से टीबी के मरीज में ड्रग रेसिस्टेंस के प्रति ज्यादा जानकारी नहीं मिल पा रही थी। सरगुजा जिले में वर्तमान में लगभग 900 टीबी के मरीज मौजूद है इनमें से वर्ष 2023 में सर्वाधिक 756 मरीजों की पाछाँ की गई थी। इन मरीजों में टू नॉट व सीबी नॉट के माध्यम से सिर्फ रिफाम्पिन नामक दवा के उपयोग की जानकारी मिल पाती थी लेकिन कुछ मरीजों में यह दवा भी काम नहीं करती थी। ऐसे में मरीज के दवा खाने के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं होता था बल्कि उनकी हालत बिगड़ जाती थी ऐसे में मरीजों की गहन जांच के लिए सैम्पल लेकर जांच के लिए रायपुर भेजना पड़ता था और इस जांच में एक महीने तक का समय लग जाता था और जब तक यह पता चलता था कि मरीज पर कौन सी दवा काम करेगी तब तक एक माह का समय गुजर जाता था।

**खास बात**

- प्रदेश का इकलौता अस्पताल, मिले दो पैथोडिटेक्टर

### सरगुजा में लगाई गई दो मशीनें

बड़ी बात यह है कि आईसीएमआर के मेगा टीबी एलिमिनेशन प्रोजेक्ट में सरगुजा का नाम शामिल है और यही वजह है कि प्रदेश में सिर्फ अंबिकापुर के राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को एक साथ दो पैथोडिटेक्टर मशीन दी गई है। यह एक तरह से आरटीपीसीआर मशीन है। इनमें से एक मशीन मेडिकल कॉलेज और दूसरी टीबी विभाग में स्थापित की गई है। मशीन की स्थापना के साथ ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम पूर्ण हो गया है जबकि मशीन का ट्रायल भी सफल रहा। अब आने वाले एक दो दिनों में यह सुविधा सरगुजा के लोगों को मिल पाएगी। मरीज निःशुल्क टीबी की जांच मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करा सकेंगे और उन्हें तीन घंटे के अंदर ही रिपोर्ट मिल जाएगी। इस मशीन में एक बार में 32 सैंपल लगाए जा सकते है।

### टीबी कल्चर के आता है काम

पैथोडिटेक्टर आरटीपीसीआर मशीन एक तरह से टीबी के सैम्पल का कल्चर करती है। इस मशीन के माध्यम से किसी मरीज के बलगम का स्पुटम लेकर जांच के लिए लगाया जाता है और मशीन मरीज के शरीर में मौजूद टीबी के डीएनए तक का पता लगाने में सक्षम है। इस मशीन से यह पता लगाया जाता है कि किस मरीज पर कौन सी द्वारा काम करेगी। इस मशीन की सहायता से रिफाम्पिन के साथ ही आइसोनियाजिड नामक दवा की कारगरता का पता लगाया जा सकता है। मशीन आने से पहले सैम्पल को रायपुर भेजा जाता था और कई बार सैम्पल खराब हो जाते थे या सूख जाते थे लेकिन अब सरगुजा में ही टीबी की गहन जांच हो सकेगी। चिकित्सक बताते है कि 100 में से 10 लोग ऐसे होते है जिनपर सामान्य दवाएं काम नहीं करती है ऐसे में इस जांच से मरीज पर कारगर दवाओं का पता लगाया जा सकेगा।

### जल्द शुरू होगी मशीन



यह मशीन सरगुजा के लिए वरदान साबित होगी। टीबी जांच में सशक्तिकरण हो सकेगा। टू नॉट व सीबी नॉट मशीन से मरीजों में टीबी की जांच गहनता से की जा सकेगीऔर आइसोनियाजिड की क्रियाशीलता का पता लगाने में मदद मिलेगी। टीबी मरीजों की जांच रिपोर्ट तीन घंटे में उपलब्ध होगी और समय पर जांच रिपोर्ट मिलने से मरीज का बेहतर उपचार होगा। मशीन का परीक्षण व कर्मचारियों का प्रशिक्षण अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में पूर्ण हो गया है और जल्द ही लोगों के सैंपल की जांच शुरू कर दी जाएगी।

-डॉ. शैलेंद्र गुप्ता
नोडल टीबी कार्यक्रम



# दोस्त की गला रेतकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पुलिस ने युवक की हत्या के सनकी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी इस बात से नाराज था कि मृतक उसे नशेड़ी बोलकर लोगों के सामने चिढ़ाता था। बता दें कि बाजारपारा निवासी मुकेश यादव का शव कुंवरपुर लाटरी जाने वाली नहर की पुलिया पर मिला था। युवक का गला कटा हुआ था और पेट की अतड़ियां बाहर निकली हुई थी। इस मामले की शिकायत मृतक के भांजा दरिमा निवासी बृजेश कुमार यादव ने पुलिस से की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतक को अंतिम बार मोहल्ले के नीरज साहू के साथ देखा गया था। पुलिस ने 25 वर्षीय नीरज साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि मृतक मुकेश उसका दोस्त था लेकिन वह उसे नशेड़ी कहकर सबके सामने नीचा दिखता था और नशा मुक्ति केंद्र में रहने को लेकर उसे चिढ़ाता। था ऐसे में उसने युवक की हत्या की योजना बनाई और 15 जून की सुबह वह घर से फावड़ा का बेट, चाकू लेकर निकला और मुकेश यादव को खोजने के लिए उसके घर गया था लेकिन मृतक अपने घर पर नहीं मिला। खोजने पर मुकेश यादव उसे बस्ती में घूमता मिल गया जिसके बाद आरोपी उसे बाइक पर बिठाकर नहर पुलिए के पास ले गया और फावड़ा के बेट से सिर पर वार किया और जब युवक जमीन पर गिर गया तो चाकू से गला रेतकर पेट में चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के प्रयुक्त फावड़ा का बेट, चाकू, मोबाइल फोन, बाइक जब्त कर धारा 302 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक एलआर चौहान, प्रधान आरक्षक धीरज गुप्ता, रवि सिंह, नरेन्द्र जांगड़े, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, राकेश यादव, राजेंद्र प्रसाद शामिल रहे।

- पुलिस ने जब्त किया हत्या में प्रयुक्त चाकू, फावड़ा का बेट

**खबर संक्षेप**

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** उदयपुर पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान दरिमा निवासी अभय सिंह से वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। इस दौरान दोनों फोन पर बात करते थे। आरोपी युवक 10 अप्रैल 2022 को उसे रामगढ़ घूमने आने के बहाने उसके घर पहुंचा शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। अब जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2-ढ ), 313 के तहत अपराध दर्ज कर दरिमा निवासी 25 वर्षीय अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना उदयपुर से सउनि दिलीप दुबे , प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की, आरक्षक कासीम अंसारी, देवेंद्र सिंह शामिल रहे।

# उपार्जन केंद्र से 40 लाख रुपए के धान का गबन, एफआईआर दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के भंवरमाल स्थित धान उपार्जन केंद्र में खरीदी प्रभारी द्वारा 40 लाख रुपए के धान गबन का मामला सामने आया है। धान खरीदी प्रभारी द्वारा समिति में 1281.60 क्विंटल धान का उठाव नहीं कराया गया और अब समिति में भी धान का एक दाना भी मौजूद नहीं है। ऐसे में सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा जांच उपरान्त मामले की शिकायत रामानुजगंज पुलिस से की गई थी। शिकायत उपरान्त पुलिस ने खरीदी प्रभारी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत भंवरमाल धान उपार्जन केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी का कार्य खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता आ. रामलाल साव, अनुज सिंह आ. भृगनाथ सिंह, कृपाशंकर गुप्ता आ. दुखी प्रसाद गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमीरचंद आ. रामेश्वर सिंह व जुरेश आलम द्वारा किया गया। इस दौरान उपार्जन केंद्र में धान शॉर्टेज की बात सामने आई जिसके बाद सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक आरएन पैकरा द्वारा सहकारी निरीक्षक अखिलेश दास से मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि खरीदी प्रभारी अनुज सिंह एवं कृपाशंकर द्वारा कुल 39424.80 क्विंटल धान क्रय किया गया और संयुक्त रूप ने 39424.80 क्विंटल का धान उठाव भी करा लिया गया। वहीं महेश्वर गुप्ता द्वारा 11168.80 क्विंटल धान खरीदी किया गया और मात्र 9887. 20 क्विंटल धान का ही परिवहन कराया गया है। शेष धान की मात्रा 1281.60 क्विंटल महेश्वर गुप्ता द्वारा आज दिनांक तक उठाव नहीं कराया गया है। जांच अधिकारी द्वारा सत्यापन करने पर उपार्जन केंद्र रामानुजगंज में वर्तमान में एक भी धान भरे हुए बारदाना की उपलब्धता नहीं पाया गया है जो कि खरीदी कार्य में लापरवाही को दर्शाता है एवं गलत तरीके से खरीदी किया जाना प्रतीत होता है। जांच में खरीदी प्रभारी महेश्वर गुप्ता द्वारा 1281.60 क्विंटल धान की राशि 3972960 रुपए एवं 3204 नग मिलर बारदाना की राशि 80100 रुपए कुल 40 लाख 53 हजार 60 रुपए की अनियमितता की गई है। इस मामले की जांच उपरान्त प्रतिवेदन के आधार पर रामानुजगंज पुलिस को शिकायत की गई थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महेश्वर गुप्ता के खिलाफ धारा 409 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

- खरीदी प्रभारी ने धान खरीदी में की अनियमितता, 1281.60 क्विंटल धान कम

### कनहर नदी पुल के नीचे मिला युवक का शव

**रामानुजगंज।** विजयनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम चिनिया निवासी धनेश्वर सिंह (35 वर्ष) का आज गोदरमाना कनहर नदी पुल के नीचे शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने पुल के नीचे शव को देखा तो इसकी सूचना झारखंड पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। धनेश्वर सिंह पुल के नीचे कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है हालांकि झारखंड पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



हाथियों से क्षतिग्रस्त मकान।

# हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़ खा गए घर में रखा अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

बीती रात हाथियों ने ग्राम कंडराजा में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के तीन घरों में तोड़फोड़ मचाया एवं घर में रखा अनाज खा गए। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में 9 हाथियों का दल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा है वहीं कुछ समय से जशपुर की ओर से आए 3 हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे है। बीती रात शाम ढलते ही हाथियों का दल ननाईडांड पहुंचा तथा घरों को घेरकर तोड़फोड़ मचाने लगा। इस दौरान ग्रामीणों ने किसी तरह सुरक्षित स्थानों पर भागकर अपनी जान बचाई।

हाथियों ने पहले धनेश्वर आ.घुरऊ मांझी के घर में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज खा गए। धनेश्वर के घर में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथियों ने बारी-बारी से सुखना पिता मंगलसाय मांझी एवं राजकुमार पिता बुधई यादव के घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज खा गए। सूचना पर सुबह पहुंचे वनकर्मियों ने क्षति का जायजा लिया एवं शीघ्र मुआवजा भुगतान की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वनकर्मियों ने बतायाव कि 9 हाथियों का दल वापस कापू जंगल में चला गया है जबकि 3 हाथी बरवाली जंगल में मौजूद है। वन अमला ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहा है। बीच-बीच में हाथियों का दल आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है।

# सूने मकान में खिड़की के रास्ते घुसकर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सूने मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर में खिड़की के रास्ते घुसकर मोबाइल फोन व नगद रुपए पार कर दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त औजार व मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बतौली निवासी आशीष कुमार गुप्ता 11 जून को पारिवारिक कार्य से परिवार के साथ सूरजपुर के भटगांव गया हुआ था। 14 जून को जब वह वापस लौटा तो देखा कि घर का मुख्य द्वार व दरवाजों का ताला टूटा हुआ है और घर की आलमारी में रखा 53 हजार रुपए नगद सहित एक पुराना आईफोन मोबाइल गायब था। युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत की जांच उपरान्त पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व संदेह के आधार पर बतौली के खालपारा झरगवां निवासी 19 वर्षीय अजय पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने 13 जून की रात घर के पीछे की दीवाल फांदकर अंदर घुसने और लोहे के मजबूत चाकू से खिड़की के स्क्रू को खोलकर खिड़की से घर में प्रवेश करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने आशीष गुप्ता के घर से 500 रुपए नगद व मोबाइल फोन चोरी करने व नगद रुपए को खर्च करने की बात कही। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू, मोबाइल फोन बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली भरत लाल साहू, सउनि अजीत मिश्रा, संजय गुप्ता, आरक्षक राजेश खलखो, मनीष सिंह, जितेश साहू, अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।



## राशि जारी नहीं होने अटका भुगतान, बढ़ी कर्मचारियों की परेशानी

# निगम के अनियमित कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आर्थिक तंगी से जूझ रहे नगर निगम की स्थिति दयनीय हो चुकी है। आलम यह है कि निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जबकि नियमित कर्मचारियों को भी मई महीने के वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नगर निगम विगत कई वर्षों से आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। राजस्व वसूली कम होने के साथ ही आय के स्त्रोत विकसित नहीं होने के कारण नगर निगम को वेतन भुगतान व निगम के अन्य खर्चों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन सब के बीच निगम में काम करने वाले अनियमित कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। अनियमित कर्मचारियों को निगम से विगत तीन माह से भुगतान नहीं हो पाया है। अनियमित कर्मचारियों को लम्बे इन्तजार के बाद फरवरी माह में वेतन दिया गया और उसके बाद मार्च, अप्रैल व मई महीने के वेतन का भुगतान नहीं हुआ। वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों को अपने परिवार का लालन पालन करने में दिक्कत हो रही है। त्यौहारी सीजन में लोग पैसो की कमी के कारण अपना त्यौहार ठीक से नहीं मिला पा रहे है और अब इसी महीने से स्कूल खुलने वाले है। अनियमित कर्मचारियों के पास अपने बच्चों के स्कूल की फीस, कॉपी-पुस्तक दिलाने को भी पैसे नहीं है। ऐसे में कर्मचारियों में रोष का माहौल है जबकि नगर निगम में राजस्व वसूली, सफाई, पेयजल सहित अन्य जरूरी कार्यों की जिम्मेदारी इन्ही अनियमित कर्मचारियों के भरोसे है। हालांकि निगम में नियमित अधिकारी कर्मचारियों की हालत भी खस्ता है। निगम के नियमित कर्मचारियों को भी दो महीने के अंतराल में ही वेतन का भुगतान हो रहा है। वर्तमान में नियमित कर्मचारियों के भी एक माह का वेतन रुका हुआ है। निगम सरकार का कहना है कि वेतन भुगतान के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन भुगतान क्यों नहीं हो पा रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

वेतन भुगतान को लेकर राशि के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राशि जारी होने के बाद तत्काल वेतन भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर




16- JUN-Jash-CORIYA-RAG-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/16/2024 7:45 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ड्वेन जॉनसन और डैनी गार्सिया की सेवन बक्स ने की वॉल्ट डिज्नी से डील



'द रॉक' के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता और रेस्लर ड्वेन जॉनसन और फिल्म निर्माता डैनी गार्सिया की कंपनी सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने वॉल्ट डिज्नी के साथ एक नया सौदा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने थिएटर रिलीज और स्ट्रीमिंग के लिए फिल्में विकसित करने के लिए डिज्नी के साथ डील की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सौदा कई सालों के लिए किया गया है और कई जानकारियों का सामने आना बाकी है। इस सौदे के जरिए सेवन बक्स प्रोडक्शंस को डिज्नी की सभी डिवीजनों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, इससे ड्वेन जॉनसन को भी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब ड्वेन जॉनसन और डिज्नी साथ में काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों साल 2021 में जंगल क्रूज में साथ मिलकर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी काम किया था। इसके अलावा ड्वेन डिज्नी+ के लिए 'बिहाइंड द अट्रैक्शन' के दो सीजन में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'मोआना 2' में माउई के किरदार को भी अपनी आवाज दी हैं। यह फिल्म 27 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।

'मोआना 2' के ट्रेलर ने डिज्नी एनीमेशन के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। मात्र 24 घंटों में इसे 178 मिलियन (17.8 करोड़) बार देखा जा चुका है। फिल्म का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड $687 मिलियन (भारतीय मुद्र में 57 अरब) से अधिक की कमाई की थी।

### टॉलीवुड

## समय से पहले पर्दे पर दस्तक देने जा रही जूनियर एनटीआर की 'देवरा'



जूनियर एनटीआर अभिनीत 'देवरा' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'देवरा' समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

गुरुवार को 'देवरा' फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'देवरा' 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। 'देवरा' तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

'देवरा' जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'आरआरआर' की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'देवरा' को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। इसी साल जनवरी के महीने में जूनियर एनटीआर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया था जिसमें वह समुद्र के बीच नाव पर खड़े नजर आए।

### भोजपुरी

## 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' फिल्म के मजेदार ट्रेलर से खुलेंगे सारे भेद



अक्षरा सिंह की भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी फिल्मों और गानों को लेकर फैंस एक्साइटेड रहते हैं। अब उनकी नई भोजपुरी मूवी 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' का ट्रेलर शुक्रवार 14 जून को रिलीज किया गया। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। डायरेक्टर इश्तियाक शेख बंटी हैं। कहानी अरबिंद तिवारी ने लिखी है। कॉन्सेप्ट संदीप सिंह है और संगीत राजन मिश्रा ने दिया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमन सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, अयाज खान, प्रेम दुबे, विद्या सिंह, ज्योति मिश्रा, पल्लवी खोली हैं। अंशुमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सबको मेरा प्रणाम, बहुत ही गर्व और ख़ुशी मन से ये बात लिख रहा हूं कि ये फ़िल्म 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' की एडिटिंग के वक़्त जब मैंने ये फ़िल्म देखी, तभी मैं समझ गया कि फ़िल्म कमाल बनी है।' अंशुमन ने आगे लिखा, 'आप सब लोगों ने मुझे हमेशा हमेशा प्यार दिया है और मेरे काम को प्रोत्साहन किया पर इस फिल्म को लेकर मुझे आप सब से बहुत उम्मीद है। आप सबको बतलाना है कल देख कर कैसा लगा, इसमें अक्षरा जी ने क्या कमाल का काम किया है। मैंने फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा भी और आगे सीखता रहूंगा। सो थैंक्स अक्षरा सिंह, अमित शुक्ला जी, आयज भाई सभी लोगों ने कमाल काम किया है। इसके डायरेक्टर बंटी शेख जी है। कमाल के निर्देशक जिन्होंने बहुत मेहनत किया है और हमारे प्रोडूसर फिल्म निर्माता, भाई मेरे अभिनाश रोहरा साहब, है ।

## सुपर मॉडल बनाने की राह

लाइफ स्टाइल




मुंबई में हाल ही में हुए लैक्मे फैशन वीक में दर्शकों ने बहुचर्चित मॉडल लक्ष्मी राणा को अनामिका खन्ना, ऋतु कुमार और पायल प्रताप के अलावा अन्य के लिए वॉक करते हुए देखा। तब दर्शकों को यह नहीं मालूम था कि उनके साथ चार मॉडल भी थीं, जिन्हें इन लोगों ने प्रशिक्षित किया था। इन्हें फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राणा के अपने वाइल्डरबी टैलेंट कैंप द्वारा आयोजित मॉडल हंट के ज़रिए चुना गया था। 1,500 रजिस्ट्रेशन में से पंद्रह मॉडल को चुना गया, उसके बाद दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण और पोर्टफोलियो शूट के बाद चारों को चुना गया। ऐसे इन्हें सुपर मॉडल बनाने की राह आसान हुई।

# आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे ये नोज पिन डिजाइन

महिलाओं की खूबसूरती सिर्फ अच्छे कपड़े, मेकअप या फिर हेयर स्टाइल से नहीं होती है। बल्कि इसके लिए ज्वेलरी की भी जरूरत होती है। इसलिए अक्सर महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैच करके खरीदती हैं। ऐसे ही होते हैं नोज पिन इनमे आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ओकेजन के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### फ्लावर वर्क नोज पिन

अगर आप फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप फ्लावर वर्क वाली नोज पिन डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन दिखने में अच्छी लगती है साथ ही पहनने में कंफर्टेबल होती है। ये बिना नोज पियर्सिंग के भी पहनी जाती है। आप चाहे तो इन्हें वेस्टर्न के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं वरना एथनिक आउटफिट के साथ भी ये अच्छी लगती हैं। इस तरीके के नोज पिन डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 250 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क नोज पिन

स्टोन वर्क नोज पिन का फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इसे आप कभी भी पहन सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन न सिर्फ पहनने में स्टाइलिश लगती हैं बल्कि ज्यादा हैवी भी नहीं होती हैं। इस नोज पिन को आसानी से डैली वियर में भी स्टाइल किया जा सकता है। इसमें आप हैवी नग वाले नोज पिन डिजाइन भी खरीद सकती हैं और छोटी नोज पिन भी खरीद सकती हैं। मार्केट में आपको इसमें अलग-अलग कलर के साथ डिजाइन मिल जाएंगे।

### मोर डिजाइन नोज पिन

ट्रेडिशनल लुक के लिए हम अलग-अलग तरह की नोज पिन डिजाइन को ट्राई करते हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली नोज पिन को स्टाइल करें। इस तरीके की नोज पिन दिखने में काफी क्लासी लगती है साथ ही पहनने के बाद पूरा लुक चेंज कर देती है। आप भी इस तरीके की नोज पिन को पहन सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप इन्हें हैवी वर्क में भी खरीद सकती हैं साथ ही लाइट वर्क में भी ये मिल जाएंगी।

## ईद पर पहनना है अनारकली सूट तो इन लुक्स पर डालें एक नजर




ईदुल अजहा यानि बकरीद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम पर्व माना जाता है। भारत में जिलहिज्ज का चांद दिखने के बाद भारत के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने 17 जून को ईदुल अजहा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दिन की तैयारियां कई-कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी दी जाती है, यही वजह है कि इसे बकरीद भी कहते हैं। लोग ईदुल अजहा के दिन अपने घरों में कई तरह के पकवान बनाते हैं और साथ-साथ में नए कपड़े भी खरीदते हैं।

पुरुष तो इस दिन कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बड़ी समस्या होती है कि वो क्या पहनें। ईद पर पहनने के लिए अनारकली सूट को सही विकल्प माना जाता है। अगर आप इस बकरीद पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर एक नजर जरूर डालें। ताकि ईद के दिन आप सबसे खूबसूरत दिखें।



**हिना खानः** आप चाहें तो हिना खान के जैसा शॉर्ट अनारकली सूट और इसके साथ चूड़ीदार पायजामी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। बस इसे पहनते वक्त ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग सही हो। अगर ये ढीला होगा, तो आपका लुक बिगड़ सकता है।

**अदिति राव हैदरीः** शॉर्ट अनारकली कुर्ते के साथ इस तरह की धोती स्टाइल की पायजामी कैरी करनी है तो अदिति राव हैदरी के लुक पर नजर डालें। पर्पल रंग का ये सूट आपको बाकियों से अलग दिखने में मदद करेगा। इस सूट के साथ दुपट्टे को भी अलग अंदाज में कैरी करें।

**माधुरी दीक्षितः** वैसे तो माधुरी दीक्षित का हर लुक ही खूबसूरत होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो उनके अनारकली सूट लुक से टिप्स ले सकती हैं। आगे से स्लिट वाले इस सूट लुक काफी अलग और खूबसूरत है। इस पर ज्यादा वर्क भी नहीं है। ऐसे में आप आराम से इसे कैरी कर सकती हैं।

**संजीदा शेखः** चूड़ीदार पायजामी के साथ इस तरह का घेर वाला अनारकली आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे में बकरीद के मौके पर संजीदा शेख के जैसा अनारकली सूट पहनकर जलवा बिखेरें। अगर आपको ये रंग नहीं पसंद है तो आप अपनी पसंद के हिसाब से रंग का चयन कर सकती हैं। कृति सेनन अगर कुछ हैवी वर्क वाला पहनने का सोच रही हैं तो आपके लिए कृति सेनन का ये लुक परफेक्ट है। इस तरह के हैवी अनारकली के साथ आप बालों में जूड़ा बना सकती हैं।

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में तेज धूप से हर कोई काफी परेशान रहता है। लोग कोशिश करते हैं, कि वो धूप में बाहर न निकलें, लेकिन किसी न किसी वजह से उन्हें बाहर जाना ही पड़ता है। जिस प्रकार से तेज धूप से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार से त्वचा पर तेज धूप पड़ने से टैनिंग की समस्या सामने आने लगती है। इस मौसम में चेहरे के बाद सबसे ज्यादा टैनिंग हाथों पर होती है।



**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।


**दही और टमाटरः** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

**कच्चा दूधः** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज :** आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं। **पतली बाजू के लिएः** अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। **चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन :** अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।



**कट वर्क डिजाइन ब्लाउज :** इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं ।

## कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश दिखने की चाह में हेयर स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

# सबसे अलग हट कर दिखना है तो इन तरीकों से बदलें अपनी हेयर स्टाइल

हर इंसान का सपना होता है कि वो कूल ड्यूड दिखे। जब भी वो गलियों में निकले लोग आपकी स्टाइल के बारे में डिस्कस करें। किसे अच्छा नहीं लगता है कि, अचानक भरी मीटिंग में आपकी ओर गौर से देखते हुए बॉस कहें कि, नाइस लुकिंग! ये सब सपने जैसा लगता जरूर है लेकिन क्या वाकई कोई ऐसा तरीका नहीं है जिससे ये सब अचीव किया जा सके। ये इतना भी ज्यादा नहीं है कि इसकी उम्मीद लाइफ में न की जा सके।




रियल लाइफ में कई बार वाकई लोगों के पास इतना समय नहीं होता है कि हेयर स्टाइल जैसी चीजों को मेंटेन रखने के लिए एक्स्ट्रा टाइम निकाल सकें। खासतौर पर जब आप दिमाग को खपा देने वाली कॉरपोरेट जॉब में हों। इसलिए, आपको ऐसे कुछ तरीके के बारे में जानकारी देंगे जिनकी मदद से आप आसानी से हेयर स्टाइल को चेंज कर सकते हैं। इससे न सिर्फ नया लुक मिलता है बल्कि आत्मविश्वास को भी बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**हेयर स्टाइल बदलना क्यों जरूरी है ? :** बालों में ये ताकत होती है कि, ये आपके लुक को बनाने या इमेज को ब्रेक करने की क्षमता रखते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका पहनावा कितना फैंसी और फैशनेबल है, आप तब तक स्टाइलिश और कंप्लीट नहीं दिखेंगे जब तक कि आपके बाल स्टाइलिश न हो जाएं।

**हेयर स्टाइल को कैसे चेंज करें ? :** हेयर स्टाइल को पूरी तरह से चेंज करना इतना भी कठिन नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ थोड़ी सी चीजों को चेंज करने की।

**बालों में फ्रिंज बनवाएंः** 90 के दशक में पुरुषों के बीच फ्रिंज हेयर स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ करती थी। बाद में इस ट्रेंड की जगह पोम्पाडोर और क्विफ जैसी हेयर स्टाइल ने ले ली। लेकिन ऐसा नहीं है कि, फ्रिंज हेयर स्टाइल का जलवा खत्म हुआ और इसके दिन चुक गए हों। ये हेयर स्टाइल आज भी उतना ही जवान है, जितना पहले किसी और दौर में था। आज भी युवा पूरे शौक के साथ इस हेयर स्टाइल को अपना रहे हैं। लेकिन आज इस हेयर स्टाइल के पहले से कहीं ज्यादा वेरिएशन भी मौजूद हैं।



## खबर संक्षेप



### पड़ो जनजाति के लोगों ने अपनी जमीन को बचाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत बेलदगी के आश्रित ग्राम सुन्दरपुर पारा में निवासरत पड़ों जनजाति के लोगों ने पुरखों द्वारा काबिज छोटे झाड़ के जंगल की जमीन को गांव के कुछ दबंगों द्वारा जबरन छिनने का आरोप लगाया है तथा इसकी सुरक्षा के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम पंचायत के कुछ दबंग पण्डो समुदाय के लोगों को डरा धमकाकर इनकी जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहे रहे हैं। सुंदरपारा बेलदगी निवासी मानमति पति रविन्द्र राम, फूलमतिया पति कैलाश राम, रामधन पड़ो पिता सोमार साय, रविन्द्र पड़ो पिता भागीरथी, कैलाश राम पिता रामरूप ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में गांव के करम सिंह, नान्हू, ताराचंद, अनुक पर उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप लगाकर अपने पुरखों की जंगल को बचाने की गुहार लगायी है। अधिवक्ता एवं समाज सेवक धीरेन्द्र शर्मा ने पड़ो जनजातियों के पक्ष में पहल करते हुए उनकी जमीन को कब्जे दारों से मुक्त कराने की कोशिश की है। सरपंच करमसाय ने बताया शासकीय जमीन पर 20 लाख की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण कराया जा रहा है। इस जमीन पर पड़ो समुदाय के किसी व्यक्ति का कब्जा नहीं है। तहसीलदार उक्त जमीन की तस्दीक कर चुके है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार नीरज कौशिक ने बताया कि ग्राम स्थित शासकीय भूमि पर तालाब का निर्माण कराया जा रहा है।

### ताइक्वांडों क्लब का मनाया गया स्थापना दिवस



**अम्बिकापुर।** पुलिस लाइन में संचालित ताइक्वांडो क्लब का स्थापना दिवस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, संघ के संरक्षक विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अध्यक्ष देवेश वर्मा, प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी के आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ताइक्वांडो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मनीष श्रीवास्तव, बसंत कुटिया, चंद्रहास शर्मा, आकाश विश्वास, फरीद, राधेश्याम मानिकपुरी, दीपेश कृष्णा रंजन, ऋषभ यादव, कुमारी शताक्षी वर्मा, कुमारी मनीष सिंह, श्रीमती प्रिया रानी, कुमारी वैशाली चौबे, कुमारी शगुन चौबे, कुमारी अपूर्वा सिंह, आरूषि कश्यप, कुमारी संध्या गायकवाड़ आदि ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मीना वर्मा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### घर के सामने से चोरों ने पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** नमनाकला निवासी अमित सिंह आ. राजेन्द्र सिंह बीती रात स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीजे 6064 को घर के सामने खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर कर रहे अवैध अतिक्रमण

# केवरा जंगल में सक्रिय हुए लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बातें**

- जेसीबी लगाकर बना रहे खेत, विभाग द्वारा नहीं की गई कार्रवाई
- पड़ोसी राज्यों में बड़ी संख्या में खपाया जा रहा चिरान

जंगल का अस्तित्व बरकरार रखने शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर हर वर्ष पौध रोपण किया जाता है। इधर वन भूमि पर कब्जा करने तथा लकड़ी तस्कर द्वारा पेड़ों की कटाई करने से अब जंगल ठूठ में तब्दील होने लगा है। इन दिनों केवरा जंगल हजारों भरे पौधे सहित विशाल पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर 500 से 700 एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। काटे गए पेड़ का चीरान पटरा बनाकर भैसामुडा केवरा के नदियों से जा रही बालु के रेत के अंदर डालकर सीमावर्ती क्षेत्र का रास्ता से उत्तर प्रदेश में खपाया जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि केवरा जंगल से बड़ी संख्या में लकड़ी की तस्करी की जा रही है बावजूद इसके वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं। ऐसे में अब वन विभाग के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।



काटे गए पेड़।



वन भूमि पर बनाए गए खेत।

वन परिक्षेत्र केवरा की पीएफ के 17 में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई जोरों पर चल रहा है। अभी तक सिर्फ केवरा में ही जंगलों को काटकर 5 से 7 सौ एकड़ तक वन भूमि को कुछ रसूखदार लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। वन भूमि पर जेसीबी के माध्यम से खेत बनाए गए है तथा घर भी बनाकर रह रहें है। जंगल में पेड़ों की कटाई कर कब्जा धारियों का दबदबा बना हुआ है जिससे कब्जा धारियों का दायरा बड़ा होने लगा है। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा इन पर कार्रवाई करने से बचती है। लगातार अवैध कब्जा का दायरा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है और जिस तरह से जंगलों को काटकर लोग कब्जा कर रहे हैं। ऐसे में जंगल के अस्तित्व में खतरा मंडराने लगा है। इस तरह से चिलचिलाती धूप और गर्मी से लोग वैसे ही परेशान हैं और इस तरह से पेड़ों की कटाई करने से इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ेगी। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि यदि अभी वन विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जंगल सिर्फ नक्शा में ही सिमट कर रह जाएगी। वन विभाग अपनी निष्क्रियता और लापरवाही छोड़ बाहर निकलकर तत्काल मौके का भ्रमण कर जंगल की कब्जा किए हुए जमीन पर तत्काल पौधा रोपण कराया जाए ताकि आने वाला दिनों में पर्यावरण सही रहे। पौधों का संरक्षण करना ही वन विभाग का पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

### अधिकारी नहीं गंभीर

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक साल से केवरा जंगल में लगातार पेड़ों की कटाई कार्य जोरो से है। जंगल में हो रहे अवैध कटाई की शिकायत कई बार की गई परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में लकड़ी तस्कर व वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों की बाढ़ सी आ गई है।

### मुख्यालय में नहीं रहते अधिकारी

प्रतापपुर मुख्यालय में अधिकारी नहीं रहते। प्रतापपुर में पदस्थ अधिकारी के मुख्यालय में नही रहने तथा जंगल के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण नहीं करने के कारण लगातार पेड़ों की लगातार कटाई हो रहा है। अधिकारी मुख्यालय में न रहकर जिले के अपने निवास से आवागमन करते है जिससे लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है।

### टीम के साथ करूंगा निरीक्षण

पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी। मैं स्वयं जाकर वन विभाग टीम के साथ निरीक्षण करूंगा एवं वन भूमि पर कब्जा करने वालों को खाली कराया जाएगा। पेड़ों की कटाई के मामले में रेंजर सहित वन कर्मियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

-आशुतोष भगत
एसडीओ वन विभाग

# त्याग-तपस्या से जीवन में आती है खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- श्रमणी विपुल प्रज्ञा ने अनुयायियों से कराया भक्तामर स्तोत्र का अभ्यास

अपने भ्रमण पर शहर में पहुंची श्रमणी विपुल प्रज्ञा एवं आदर्श प्रज्ञा ने रविवार को जैन धर्म के साधकों को जीवन प्रबंधन का उपदेश दिया तथा व्याधि विनाशक भक्तामर स्तोत्र का अभ्यास कराया। शहर के केदारपुर स्थित शुभकरण जैन के निवास में आयोजित अध्यात्मिक कार्यक्रम में संभाग भर से जैन समुदाय के साधक पहुंचे थे। इस अवसर पर श्रमणी विपुल प्रज्ञा ने कहा कि जीवन में त्याग एवं तपस्या का बहुत महत्व हे। इस भौतिक जीवन में सुख-सुविधाएं सभी को आकर्षित करती हैं लेकिन भौतिक सुख-सुविधाओं से सुख एवं शांति नहीं मिलती। हमारे ऋषि-मुनियों ने आजीवन कठिन तपस्या की है। उन्होंने मन की शांति एवं शुद्धता के लिए मेडिटेशन का महत्व बताया तथा सभी को नियमित इसका अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भगतांबर स्तोत्र के नियमित अभ्यास से न केवल मन शांत होता है बल्कि अनुष्ठान पूर्वक इसके पाठ से सभी प्रकार की व्याधियों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विधि-विधान पूर्वक भक्तामर स्तोत्र का अभ्यास कराया। विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी एवं एकता के लिए उन्होंने जैन समाज की जमकर प्रशंसा की। तेरापंथ समाज के अध्यक्ष मनोज कुमार डागा ने कहा शहर में ऐसा अद्भुत कार्यक्रम पहली बार आयोजित हुआ है। विभिन्न सदस्यों ने तपस्या एवं त्याग के माध्यम से इस अनुष्ठान को सफल बनाया है। मनेन्द्रगढ़ के पकंज संचेती धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को धर्म के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान तोलाराम, श्रवण जैन, शुभकरण मेहनोत, कन्हैया लाल चौड़रिया, पवन चौरड़िया, मदन सेठिया, पवन बोथरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



# कोयलांचल में गंगा दशहरा पर हुए विविध अनुष्ठान





**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर अलग अलग स्थानों पर विविध अनुष्ठान किए गए। रेणुका नदी के तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर शनिवार से अखंड शिव पंचाक्षरी हवन शुरू कर दी गई थी। ग्राम पंचायत कुरवाँ में तत्पर एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी बिश्रामपुर के तत्वाधान में शनिवार 15 जून की रात दस बजे अखंड शिव पंचाक्षरिय हवन प्रारंभ किया गया था। आज 16 जून रविवार की प्रातः पांच बजे से दस बजे तक गंगा दशहरा के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक, पार्थिव शिव लिंग पूजा व शिव पंचाक्षरिय हवन उपरांत गंगा आरती की गई। इसके पश्चात शाम पांच बजे से सात बजे तक मां गंगा पूजा, ग्यारह सौ दीपदान व मां गंगा आरती पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किए। आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक उपाध्याय ने बताया कि उक्त अनुष्ठान रेणुका नदी के तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर वर्ष 2018 से अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

### गायत्री जयंती पर हुए विविध अनुष्ठान

गौरीशंकर मंदिर बिश्रामपुर के समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 16 जून रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर कई अनुष्ठान किए गए। यहां पर 15 जून शनिवार को प्रातः 7 बजे से 24 घण्टे का अखण्ड जाप कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया था। साथ ही आज 16 जून की सुबह 8 बजे से हवन-यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके पश्चात संध्या बेला में 6 बजे से महा दीपयज्ञ के तहत 11 हजार दीपक प्रज्वलित किया गया। यहां पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### भीषण गर्मी में सूखी बाकी नदी, लोगों की बढ़ी परेशानी



**प्रतापपुर।** भीषण गर्मी और उमस भरी तेज आंधी तूफान के साथ में गर्मी इस कदर बढ़ा है जीवन दायिनी पुराने बाकी नदी बिल्कुल सूख गई है। विशालकाय नदी घुमावदार होने के कारण अलग-अलग जगह पर कई नाम से जाना जाता है। बाकी नदी भैंस मुंडा, नदी महानदी, पतरंगी नदी, शाहिद राजघटा नदी, आप अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। इधर नदियों के सूखने से अब बालू तस्कर रेत के चोरी कर रहे हैं। नदियों के सूखने के कारण पर्वत पत्थर गिरे हुए आबादी क्षेत्र से जंगली क्षेत्र में नदियों का स्तर गिर जाने के कारण पूरी तरह सूख गई है। किसी समय में 12 महीना कल कल बहने वाली यह नदिया का बहाव निरंतर 12 महीना देखने को मिलता था, जहां पर पशु पक्षी सहित लोग भी गर्मी के दिनों में इन नदियों का आनंद लेने के लिए सुगम तीर्थ करते थे। आज यह नदिया पूरी तरह से वीरान हो गया जहां शासन प्रशासन भी नदियों को बचाने में असहाय रहा। लोग अपने निजी स्वार्थ के वजह से नदी से खनिज संपदा का दोहन करने में लगे हुए है। प्रतापपुर क्षेत्र में सबसे ऊपर पानी का जल स्तर मिलता था जिससे चारों तरफ खेती खलिहानी किसी किसान का खेत जल स्तर के वजह से संचित होता था। भीषण गर्मी में आज प्रतापपुर क्षेत्र के दर्जनों नदिया अपने अस्तित्व के लिए आंसू बहा रहे हैं। जिस तरह से हर वर्ष गर्मी बढ़ती जा रही है उससे आने वाले दिनों में नदी, कुआ, तालाब पूरी तरह से सूख जाएगा जिससे जल संकट की समस्या हो सकती है।

# जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय



**धौरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्षेत्रीय विधायक प्रबोधि मिंज की उपस्थिति में जीवन दीप समिति की बैठक हुई। बीएमओ राघवेन्द्र चौबे के पदभार ग्रहण करने के पश्चात पहली बार शनिवार को जीवन दीप समिति की बैठक हुई। बैठक में मरीजों को हो रही असुविधा को देखते हुए अस्पताल में पानी की व्यवस्था करने, अस्पताल का रंग-रोगन कराने, मरीजों एवं स्टॉफ के लिए फर्नीचर, स्टेशनरी, प्रिंटर, समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं का निदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक श्री मिंज ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए हम हमेशा प्रयासरत रहेंगे। आप भी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एवं समय पर इलाज करने का प्रयास करें। इस दौरान एसडीएम रामसिंह ठाकुर, जनपद सीईओ कृष्ण कुमार जायसवाल, स्वास्थ्य केन्द्र के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर जिला सरगुजा**

रा.प्र.क्र. / /अ-02/2023-24

**''ईश्तहार''**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना अग्रवाल पति राजेश कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम उदयपुर द्वारा अपने स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम खोढ़री तहसील उदयपुर स्थित भूमि ख.न. 122/10 रकबा 0.607 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिन 10.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
उदयपुर, सरगुजा

माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
अहमदाबाद के सुप्रसिध्द हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ... डॉ सिध्दार्थ कुमार MBBS,MS (Ortho), DNB (Ortho)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छ ग के सुप्रसिद्व मनोचिकित्सक . . . डॉ गौरी शंकर सिंह MD, ( Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
छ.ग. के सुप्रसिद्व किडनी रोग विशेषज्ञ . . डॉ करण सराफ MD, ( Medicin ), DM (Nephrology)
छ ग के सुप्रसिद्व कैंसर रोग विशेषज्ञ . . डॉ विकास अग्रवाल MBBS,DrNB,PDF,FMAS,FISCP,MNAMS
छ.ग. के सुप्रसिद्व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ सुशांत MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
16 जून 2024 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक – 23 जून 2024 रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770


लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 13 जून 2024 दिन - गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (OPD) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ.अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक 23 जून 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

### सर्व यादव समाज ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**सूरजपुर।** सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्मदिन पर प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सर्व यादव समाज द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन भैयाथान में किया। जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव के मुख्य अतिथि व संजय यादव जिला कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में परमेश्वर यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राधा यादव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, लक्ष्मी यादव, फूलमती यादव, राम सजीला यादव, कैलाश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। जिले के 29 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संजय यादव, कुंजलाल यादव, अजय कुमार, राजाराम यादव, रामप्रताप यादव, संजू यादव, अंगद यादव, पारस राम यादव, राम लाल यादव, शिवचरण यादव , बालेश्वर यादव, ईश्वर यादव, कृष्ण कुमार यादव, विनोद यादव, भोरे लाल यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पूरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
• पेशाब में खून आना
गायत्री हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.करण सराफ
MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO
CUNSULTTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
दिनांक - 16 जून 2024 समयः दोपहर 2:00 बजे से सायं 4 बजे तक
तीसरे रविवार को उपलब्ध
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

## खबर संक्षेप



### यूथ टीम ने बिहीबाड़ी में किया 500 पौधों का रोपण

**मैनपाट।** मैनपाट के बिगड़ते पर्यावरण को लेकर चिंतित युवा हर रविवार को सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कर रहे है। अभियान के तहत रविवार को ब्लाक मुख्यालय स्थित बिहीबाड़ी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर प यूथ टीम के धनंजय सिंह ने कहा कि मैनपाट का तापमान बढ़ना चिंताजनक है। अगर हम अभी भी सचेत नहीं हुए तो आने वाले दिनों में हालात बदतर होंगे। गर्मी के दिनों में यहां लोगों को कम्बल व रजाई की जरूरत पड़ती थी अब तो एसी व कूलर के बिना रहना सम्भव नहीं है। इस दौरान युवाओं ने नर्मदापुर स्थित बिहीबाड़ी में 500 पौधों का रोपण किया जिसमें आम, अमरूद, गुलमोहर, सीताफल, अमलतास व जामुन हैं। पिछले 5 सप्ताह से युवा स्वच्छता अभियान चला रहे थे तथा अब बारिश के मौसम में पौधरोपण करने का निर्णय लिया है। टीम के हिमांशु सिंह यादव ने बताया कि सबसे पहले टीम ने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों की साफ सफाई की। अब पूरे बरसात भर छत्तीसगढ़ के शिमला की हरियाली वापस लाने बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। टीम ने बरसात में 1 लाख पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। टीम स्वस्थ, स्वच्छ व हरियर मैनपाट अभियान अंतर्गत पौधरोपण के साथ आगे पहुंच विहीन स्थानों में स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे। टीम के राजेंद्र यादव व सरवन यादव ने बताया कि आने वाले समय में हम पौधरोपण के साथ पेड़ों की कटाई रोकने का भी अभियान चलाएंगे। युवाओं ने ग्रामीणों को पौधरोपण का महत्व बताया तथा घरों के पास व खेतों में अधिक से अधिक पौधरोण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कमलेश सिंह, रामकृष्ण सिंह, दीपांशु गुप्ता, धनंजय सिंह, विशाल सिंह, भुनेश्वर यादव, उदयनाथ यादव, अवधेश यादव, सुनील गुप्ता, राजू यादव, सोनू विश्वकर्मा, दीपक चौहान आदि उपस्थित थे।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**अंबिकापुर।** अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य के अधिकारियों ने हड़ताल पर जाने वाले है। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आज इस संबंध में ज्ञापन सौपने के साथ ही 18 जून से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ओर से आज कलेक्टर व सीएमएचओ के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबित पीएलपी का मई 2024 तक का पूर्ण भुगतान एवं आगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करने, महिला सीएचओ के साथ हो रहे अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाने के लिए गृह जिले में स्थानांतरण एवं 8 किमी के के दायरे में मुख्यालय निवास लागू किए जाने, कांकेर सीएचओ जिला संयोजक पवन कुमार वर्मा को लेकर जिला कार्यालय द्वारा गलत तरीके से भ्रामक जानकारी प्रदान कर की गई सेवा समाप्ति आदेश को तुरंत रद्द कर सेवा में बहाली एवं दोषियों के ऊपर कार्रवाई की मांग लम्बे समय से की जा रही है। लंबे समय से प्रदेश के सीएचओ साथ हो रहे प्रताड़ना एवं पीएलपी का भुगतान नहीं होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने हड़ताल को घोषणा की गई है। चरणबद्ध आंदोलन के तहत 18 से 20 जून तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग के कार्य एक बहिष्कार किया जाएगा और इसके बाद भी मांगें पूर्ण नहीं हुई तो 21 जून से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सभी कार्यों का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

### तूफान से कई विशाल पेड़ धराशायी घरों के उड़े छप्पर



**रामानुजनगर।** तेज आंधी तूफ़ान से कई विशाल पेड़ धारासायी हो गए हालांकि कोई बड़ी जनहानी नहीं हुई लेकिन तेज हवा से कई घरों के छप्पर उड़ गए और पेड़ पौधे के डाल टूटकर गिर गए। विकासखंड रामानुजनगर के कई ग्राम पंचायतों में शाम के समय लगभग 4 से 5 बजे मौसम बदलने के साथ ही तेज आंधी तूफ़ान और बारिश शुरू हो गई जिससे कई विशाल पेड़ धारासायी हो गया। और कई घरों के छपर और सीट उखड़ कर दूर जा गिरे जिससे ग्रामीणों के आसियाना उजड़ गई। बरसात से पूर्व तूफ़ान से ग्रामीणों क्रो काफी नुकसान उठाना पड़ा। मोहनपुर, सुरता, रामेश्वरम सहित कई गांव मे अचानक आई तूफ़ान से लोग अस्त व्यस्त हो गए है वहीं सुरता, उमेश्वरपुर सड़क मार्ग मे कई स्थानों मे पेड़ और डगाल के टूटकर गिर गया जिससे कई घंटो तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने शासन प्रसासन से क्षतिपूर्ति की राशि की मांग किया है।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**केदमा।** केदमा जोड़ा तालाब में डूबने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम केदमा के कुछ बच्चे आज दोपहर तालाब के समीप बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान तालाब में महिला की लाश देकर गांव के लोगों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच लाश को तालाब से बाहर निकाल शिनाख्त कराई तो ग्रामीणों ने महिला के कपड़े के आधार पर गांव के ही प्रमिला बरगाह के रूप में शिनाख्त किया। बताया जा रहा है कि प्रमिला बरगाह पति सुधन राम (55 वर्ष) शाम को शराब के नशे में घर से निकली थी जिसके बाद वापस नहीं लौटी। पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। चौकी प्रभारी एसएल राज ने बताया कि महिला की मौत पानी में डूबने से हुई है यह तो पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। मामले में विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

## महीनों से बंद है पीएम आवासों का निर्माण

# पीएम आवास योजना में करोड़ों का घोटाला, 500 हितग्राहियों की राशि दूसरों के खाते में ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

जनपद पंचायत मैनपाट में प्रधानमंत्री आवास योजना के 500 से अधिक हितग्राहियों की राशि अधिकारी-कर्मचारियों ने हड़प ली और किसी को इसकी हवा तक नहीं लग सकी। महीनों जनपद कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद मामले में कोई कारवाई नहीं हुई तो हितग्राहियों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने इस बड़े घोटाले की जांच के लिए सीतापुर एसडीएम रवि राही की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है।

**खास बात**

- शिकायत पर कलेक्टर ने किया तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

जनपद पंचायत हर साल ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करता है। जनपद पंचायत द्वारा हितग्रिहयों की पात्रता का परीक्षण उपरांत शासन पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करता है। योजना अंतर्गत शासन जनपद पंचायत को हितग्राहियों की राशि चार किश्तों में जारी करता है। जनपद पंचायत स्वीकृति के अनुसार आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि जारी करता है। जनपद कार्याल्य ने शासन की स्वीकृति मिलने के बाद सभी हितग्राहियों को प्रथम किश्त जारी कर दी। योजना की राशि मिलने के बाद हितग्राहियों ने आवास का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया लेकिन योजना की आगामी किश्त नहीं मिलने से आवास का निर्माण ठप हो गया। लम्बे समय तक राशि मिलने का इंतजार करने के बाद हितग्राहियों ने जनपद कार्यालय का चक्कर लगाना शुरू किया। मामले की शिकायतें भी की लेकिन अधिकारी-कर्मचारी योजना की राशि नहीं मिलने का हवाला देकर टालमटोल करते रहे। इस दौरान बिना आवेदन अन्य लोगों के खाते में योजना की राशि जमा होने की चर्चा पर हितग्राहियों ने भाग-दौड़ करना शुरू किया तो हितग्राहियों की राशि दूसरे लोगों के खाते में जमा करने की बात सामने आई।

बताया जा रहा है कि पहले तो अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से संबंधित लिपिक का स्थानांतरण कर दिया तथा हितग्राहियों को शीघ्र योजना की राशि जारी होने का आश्वासन देते रहे। परेशान होकर हितग्राहियों ने कलेक्टर से इसकी शिकायत की तो बड़े घोटाले की जानकारी मिली।





मैनपाट के अधूरे पीएम आवास।

### नहीं मिलती पावती

हितग्राहियों का कहना है कि वे पिछले दो महीने से जनपद सीईओ को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही मामले की शिकायत कर रहे हैं। जनपद सीईओ आवक-जावक शाखा में आवेदन देने की बात कहते हैं जबकि आवक-जावक शाखा के संबंधित लिपिक के अनुपसथित रहने का हवाला देकर आवेदन की पावती नहीं देते। इस तकनीक को अपनाकर अधिकारी-कर्मचारी मामले से अनजान बनकर लीपापोती करने में जुटे हैं।

### दो करोड़ से अधिक का घोटाला

जनपद पंचायत मैनपाट अंतर्गत पीएम आवास योजना में दो करोड़ से अधिक का घोटाला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। योजना के हितग्राहियों की राशि न केवल मैनपाट सहित विभिन्न विकास खण्डों में निवासरत बल्कि बिलासपुर एंव रायगढ़ जिला के अपात्र लोगों के खाते में जमा की गई है। योजना की राशि बांटने के लिए एजेंटों की मदद लेने की भी बात सामने आ रही है। योजना में किसी की दूसरी तो किसी की तीसरी एवं चौथी किश्त अपात्रों के खातों में जमा की गई है।

### आधी राशि लेकर जारी कर दी किश्त

जानकारों का कहना है कि संबंधित लिपिक ने बिना आवेदन अपात्रों को पीएम राशि की किश्त जारी करने का सौदा किया तथा योजना की आधी राशि लेकर पांच सौ से अधिक हितग्राहियों की आगामी किश्त की राशि हड़पने में कांग्रेस एवं भाजपा के नामचीन नेता भी पीछे नहीं रहे एवं मुफ्त की राशि का आधा हिस्सा देकर परिवार के सभी सदस्यों के नाम खाता खोल योजना की राशि जमा करा ली। जनपद कार्यालय में केन्द्रीय योजना में यह घोटाला पिछले महीनों से चल रहा था जिसकी कानोकान खबर किसी को नहीं मिल सकी। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत के इस तरह का घोटाला संभव नहीं है। वह भी आवास जैसी योजना की जिसकी प्रगति की समीक्षा ब्लाक से जिला पंचायत तक के तकनीकी अधिकारी करते हैं तथा जीओ रैगिंग उपरांत भुगतान जारी किया जाता है। हर पखवाड़े बैठक में योजना के प्रगति की समक्षा भी की जाती है।

### नहीं है जानकारी

पांच सौ से अधिक पीएम आवास के हितग्राहियों की राशि अन्य लोगों के खाते में जमा होने की जानकारी नहीं है। आपको जानकारी हो तो सूची उपलब्ध कराएं। राशि वापस कराने की पहल की जाएगी। मुझे तीन हितग्राहियों की राशि में हेरफेर होने की शिकायत मिली थी जिसका निराकरण करा दिया गया है।

-अमन यादव
सीईओ, जनपद पंचायत मैनपाट

### चल रही है जांच

कलेक्टर के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम पीएम आवास में हुई अनियमितता की जांच कर रही है। जांच अंतिम चरण में है। शीघ्र ही जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

-रवि राही
एसडीएम, सीतापुर

# सांसद चिंतामणि महाराज का जगह-जगह स्वागत





गुलदस्ता देकर सांसद का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसमी

चिंतामणि महाराज के सरगुजा सांसद बनने के बाद सामरी विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित सामरी विधानसभा क्षेत्र के बरियो, राजपुर, शंकरगढ़ व कुसमी गृह ग्राम श्रीकोट में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा बाजे गाजे के साथ करकली गलफुला नदी के पास से बाइक रैली निकाल कर आतिश बाजी करते भव्य स्वागत किया।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के गृह ग्राम श्रीकोट में भी सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी व भजन कीर्तन के साथ स्वागत किया। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा बरियो, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, श्रीकोट में मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र में अमन चैन शांति की कामना की। उन्होंने क्षेत्र विकास कार्य करने की बात कहते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर उपस्थित लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात कही। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार होने के साथ साथ राज्य में विष्णु देव की भाजपा सरकार है, सामरी विधानसभा क्षेत्र सहित सरगुजा संभाग में विकास कार्य होने में कहीं कमी नहीं होने देंगे। सभी जगह आप सभी लोग के कहने के आवश्यकता अनुसार विकास कार्य किए जाएंगे। राजपुर में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी द्वारा सरगुजा सांसद को आम फल से तौला गया तो कुसमी में लड्डू से तौल कर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज का भाजपा कार्यकर्ताओ सहित लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज का बरियो, राजपुर, शंकरगढ़, डीपाडीह, कुसमी में कही आम तो कही लड्डू से तौलकर सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा के नेतृत्व में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला के साथ सांसद चिंतामणि महाराज सहित सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा का स्वागत किया गया, तौले हुए आम एवं लड्डू को कार्यकर्ता एवं लोगों में बांट कर खुशियां मनाई गई। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के सांसद बनने पर कुसमी में प्रथम आगमन पर जनपद प्रांगण में एसडीएम करुण डहरिया, कुसमी जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय सहित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किया।

# मिशन लाइफ की थीम पर सात विषयों पर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंजनगर की शिक्षिका लक्ष्मी सिंह राठौर यूथ एवं इको क्लब की जिला नोडल द्वारा मिशन लाइफ की थीम पर सात विषयों पर सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत कुंजनगर में समुदाय व बच्चों के साथ पूरे सात दिवस 5 से 12 जून तक विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों व समुदाय के साथ कार्य किया गया।

इसके अंतर्गत प्रथम दिवस स्वस्थ जीवन शैली अपनाने अंतर्गत कुंजनगर के बच्चों को समुदाय के सहयोग से आसपास पाए जाने वाले पेड़ पौधे एवं वनस्पतियों के नाम एवं उनकी विशेषता के बारे में समुदाय द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने का शपथ ली गई। द्वितीय दिवस सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाना के तहत समुदाय को मिलेट पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके फायदे के बारे में बताया गया। तृतीय ई अपशिष्ट कम करें के अंतर्गत बच्चों को ई अपशिष्ट क्या है के बारे में जानकारी प्रदान दी गई। चौथे दिवस कूड़ा कम करो विषय से संबंधित अपशिष्ट निपटारे के अंतर्गत पुराने, कपड़े, खिलौने एवं फर्नीचर आदि दान करने हेतु प्रेरित किया। पांचवे दिवस का विषय ऊर्जा बचाएं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा के महत्त्व एवं उसकी जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर एवं अन्य दृश्यों सामग्री का उपयोग कर सामग्री बनाने हेतु प्रेरित किया गया। छठवें दिवस पानी बचाएं विषय को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल संचयन प्रणाली और इसकी महत्त्व एवं लाभों के बारे में विस्तृत चर्चा से छात्रों को प्रेरित किया गया। सातवें दिवस सिंगल यूज़ प्लास्टिक को ना कहें, जिसमें सभी छात्रों को जूट बैग का उपयोग, एकल उपयोग प्लास्टिक को ना कहना तथा स्थानीय और प्रकृति के अनुकूल सामान खरीदने एवं पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इन सभी गतिविधियों को करने में बच्चों और समुदाय ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इन सभी गतिविधियों को मेरी लाइफ एप पर अपलोड कर शिक्षिका ने प्रमाण पत्र भी प्राप्त की है।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं व बच्चे।

# नगर पंचायत क्षेत्र में नहीं हो रहा गुमास्ता एक्ट का पालन, शनिवार को भी खुल रही दुकानें

**भटगांव।** नगर पंचायत क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गुमास्ता एक्ट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। दुकान संचालक नियम की अवहेलना करते हुए शनिवार को भी अपनी दुकानें खुली रख रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि नगर पंचायत द्वारा भी इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र में गुमास्ता एक्ट लागू है और नियम के तहत शनिवार का दिन चयन किया गया है। शनिवार को गुमास्ता एक्ट तहत सभी दुकानें बंद रहेंगी और दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को अवकाश मिलेगा लेकिन दुकानदार नियम का उल्लंघन कर शनिवार को भी अपनी दुकानों का संचालन कर रहे है। गुमास्ता एक्ट के नियम का पालन कराना व्यावसायिक संघों की भी जिम्मेदारी है लेकिन संघ की ओर से भी इस नियम का पालन नहीं कराया जा रहा है। अधिकारी भी इस नियम का पालन कराने को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे है और शनिवार को ज्यादातर दुकानें खुली रहती है। नगर पंचायत क्षेत्र में गुमास्ता एक्ट का उल्लंघन करते हुए कुछ व्यवसायी अपनी दुकानों को पूरी तरह खुला रख रहे है जबकि कुछ व्यवसायी दुकानों के शटर को आधा उठाकर सामानों की बिक्री कर रहे है।



# कलेक्टर ने ली नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक रखी थी। जिसमें नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सीएमओ, अभियंता और अकाउंटेंट उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें संपत्ति कर और समेकित कर शामिल थे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली प्रशासन और नगरीय निकाय का प्राथमिकता वाला कार्य है, जो कि जिले के समावेशी विकास के लिए अति आवश्यक है। जिले का सतत विकास हो इसके लिए उन्होंने संपत्ति व समेकित कर के साथ-साथ जल कर, दुकानों का किराया, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली सख्ती से करने की बात कही। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवारा पशु या घुमन्तु पशुओं के प्रबंधन को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। मुख्य मार्ग से लगी हुई सड़क पर या टर्निंग पांईट पर घुमन्तु पशुओं का जमावाड़ा न लगे इस बात पर सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। घुमन्तू पशुओं को गौशाला जैसे सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर रखने और उनके लिए चारे व पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही इन स्थानों पर वेटनरी डॉक्टर की ड्यूटी लगाने की बात कही ताकि उनकी छोटी-मोटी बीमारियों का त्वरित निदान किया जा सकें। इसके अलावा सभी सीएमओ को व्यापारिक संघ व सभी दुकानदारों से बैठक लेकर संचालित दुकानों के अंदर व बाहर सीसीटीवी लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया ताकि जिले में चोरी या किसी अप्रिय घटना की स्थिति में सीसी फुटेज का उपयोग लॉ एण्ड ऑर्डर प्रबंधन में उपयोग लाया जा सकें। कलेक्टर ने बरसात के दिनों में जल भराव के स्थिति से बचने के लिए पहले से ही प्रबंधन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी नालियों के सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बरसात के दिनों में मच्छर इत्यादि कीट पतंगों के चलते वेक्टर जनित रोग फैलने की संभावना रहती है। जिसके लिए उन्होने टेमीफोस का छिड़काव तथा फॉगिंग मशीन का इस्तमाल करने की बात कही। बैठक में नगर पालिका परिषद की सीएमओ श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान, प्रवीण घोष व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ईदुल अजहा त्यौहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** ईद उल अजहा को लेकर रविवार को बिश्रामपुर व जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में आपसी भाई चारे व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाए जाने की बात कही गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशानुसार रविवार को बिश्रामपुर व जयनगर थाना में ईद उल अजहा को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में दोनों थाना में प्रभारियों द्वारा समाज के लोगों से आपसी भाई चारे के साथ त्यौहार मनाए जाने का आह्वान किया गया। त्यौहार में सुबह नमाज पढ़ने वाले स्थानों पर पुलिस प्वाइंट बनाकर जवानों की तैनाती किए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही पुलिस द्वारा उपस्थित जन से सुझाव भी लिया गया। ज्ञात हो कि बिश्रामपुर के स्टेट बैंक के समीप स्थित ईदगाह, कब्रिस्तान, सतपता मस्जिद, मदरसा, जयनगर के ईदगाह, कब्रिस्तान, मस्जिद में सुबह करीब सात बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी। ईद उल अजहा को लेकर समाज के लोगों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जयनगर थाना में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उपनिरीक्षक प्रवीन राठौर, सोहन सिंह, आरक्षक विकास मिश्रा के अलावे वेद प्रकाश मिश्र, मो. शमीम पलिहा, कलाम, सैफुल्लाह, मकसूद, इफ्तेखार व अन्य उपस्थित थे।



**लखनपुर।** बकरीद मनाए जाने को लेकर शनिवार को सामुदायिक भवन में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बकरीद त्यौहार मनाये जाने को लेकर विचार-विमर्श कर शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि नगर में हिन्दू-मुस्लिम आपसी सदभाव के साथ त्यौहार मनाते आये हैं। नगर में त्यौहारों को लेकर अब कभी विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई। एसडीएम बीआर खांडे ने आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की बात कही। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने बैठक को संबोधित किया। सोमवार को बकरीद का त्यौहार मनाया जाएगा। नसरल अली, समीम खान, मुन्ना पाण्डेय, दिनेश बारी, अनिल गुप्ता, दशरथ राजवाड़े, इबरार खान, समसेर आलम, इमरान अंसारी, महफूज हैदर, इनायत अंसारी जहिर खान आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736